कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल–462004

क्रमांकः **589** / 142 / आउशि / शा–5'अ' / 2021 भोपाल, दिनांक **04 / 05 / 2021**

प्रति,

1. कुलसचिव,
समस्त पारंपरिक / निजी / दूरस्थ विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
2. प्राचार्य,
समस्त शासकीय / स्वशासी / अनुदान प्राप्त अशासकीय / अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश।

विषय– कोविड–19 के संक्रमण के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं को ओपन बुक पद्धति से आयोजित करने के निर्देश।

संदर्भ– उच्च शिक्षा विभाग,मंत्रालय का आदेश क्रमांक 528 / 605 / 2021 / 38–3,भोपाल,दिनांक 31.03.2021

––0––

उपरोक्त विषय के संदर्भ में कोविड–19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए निर्देशित किया जाता है कि स्नातक प्रथम, द्वितीय तथा अंतिम वर्ष / स्नातकोत्तर, द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर की समस्त परीक्षाएं ओपन बुक पद्धति से आयोजित की जाएंगी।

2. स्नातक अंतिम वर्ष / स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं जून 2021 में आयोजित की जाएंगी तथा परीक्षा परिणाम जुलाई 2021 में घोषित किया जाएगा।

3. स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं जुलाई 2021 में आयोजित की जाएंगी तथा परीक्षा परिणाम अगस्त 2021 में घोषित किया जाएगा।

4. स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर शेष प्रायोगिक परीक्षाएं ओपन बुक परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् आयोजित की जाएंगी।

संदर्भित आदेश के बिन्दु क्रमांक 06 में स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर को भी शामिल किया जाता है। अन्य निर्देश यथावत रहेंगे।

(प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित)

4/5/21

(डॉ0 धीरेन्द्र शुक्ल)
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल

क्रमांकः **590** / 142 / आउशि / शा–5'अ' / 2021 भोपाल, दिनांक **04 / 05 / 2021**

प्रतिलिपिः

1. निज सहायक, माननीय मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. निज सहायक, मुख्यसचिव, मध्यप्रदेश शासन।
3. निज सहायक, प्रमुख सचिव,मुख्यमंत्री कार्यालय,मध्यप्रदेश शासन।
4. प्रमुख सचिव के स्टाफ आफीसर, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
5. निज सहायक,अपर आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन मध्यप्रदेश भोपाल।
6. निज सहायक,कुलपति समस्त विश्वविद्यालय,मध्यप्रदेश।
7. अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय आयोग, मध्यप्रदेश।
8. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक,उच्च शिक्षा,मध्यप्रदेश।
9. वि.क.अ. आई.टी. शाखा, उच्च शिक्षा संचालनालय, सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश।

.........की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश भोपाल